UJALASPEEDNEWS

24x7 हर खबर पर तेज नजर

अनूपशहर, शनिवार, 22 अगस्त 2026 ई-पेपर पेज 1 / 1

देश

# सपा टिकट दावेदार पिंटू प्रमुख का शिकारपुर विधानसभा परिवर्तन यात्रा का सघन जनसंपर्क, कार्यकर्ताओं में दिखा उत्साह।



सह संपादक अशोक कुमार बुलंदशहर: शिकारपुर विधानसभा क्षेत्र के गांव वुढांसी में समाजवादी पार्टी से विधायक पद के दावेदार पिंटू प्रमुख ने सैकड़ों कार्यकर्ताओं एवं सपा के जिला उपाध्यक्ष अमर सिंह बघेल के साथ जनसंपर्क अभियान चलाया। गांव में पहुंचने पर उनका जोरदार स्वागत किया। पिंटू प्रमुख ने गांव में ग्रामीणों, बुजुर्गों और युवाओं सेu मुलाकात की। उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनीं और समाजवादी पार्टी की नीतियों, खासकर किसान, नौजवान और रोजगार के मुद्दों पर चर्चा की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शिकारपुर की जनता विकास से वंचित है। यदि पार्टी उन्हें टिकट देकर मौका देती है तो वह क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और रोजगार के लिए ईमानदारी से काम करेंगे। उन्होंने कहा कि जनता का जो प्यार मिल रहा है, वह बदलाव का संकेत है।

## एक नज़र में

भाकियू भानू ने मोनिश रियाज को बनाया व्यापार प्रकोष्ठ का मंडल अध्यक्ष।

पूरी खबर पढ़ने के लिए शीर्षक पर टैप करें

देश

## भाकियू भानू ने मोनिश रियाज को बनाया व्यापार प्रकोष्ठ का मंडल अध्यक्ष।



सह संपादक अशोक कुमार बुलंदशहर: भारतीय किसान यूनियन भानू ने संगठन का विस्तार करते हुए जनपद के युवा नेता मोनिश रियाज को व्यापार प्रकोष्ठ के मंडल अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर भानू प्रताप सिंह के अनुमोदन पर यह नियुक्ति की गई। नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष मोनिश रियाज ने कहा कि वे किसानों, व्यापारियों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाएंगे और संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करेंगे।